आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने कल दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित किए।
- उपराज्यपाल ने तीनों ज़िलों के लिए ज़िला अभिलेख सर्वेक्षण समिति के नाम से उप–समितियों सहित क्षेत्रीय अभिलेख सर्वेक्षण समिति का पुनर्गठन किया।
- दक्षिण अंडमान आईसीडीएस–शहरी परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर भर्ती की जाएगी।
- एथलेटिक्स एसोसिएशन अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की ओर से श्री विजयपुरम में ओपन स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने कल दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित किए। इस वर्ष बारहवीं कक्षा के अट्ठासी दशमलव तीन–नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव चार एक प्रतिशत अधिक है। सी बी एस ई द्वारा जारी परिणामों के अनुसार इस बार द्वीपसमूह के पच्चीस स्कूलों ने कक्षा बारहवीं में सौ प्रतिशत अंक, जबकि सड़सठ स्कूलों ने कक्षा दसवीं में सौ प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस बार डूगांग–क्रीक के ओंगी जनजाति के तेरह पंजीकृत छात्रों में से नौ छात्रों ने अपने पहले ही प्रयास में कक्षा दसवीं उत्तीर्ण की। लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

उधर कैम्पबेल–बे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा बाहरवी में छियासी दशमलव सात पांच प्रतिषत और कक्षा दसवीं में बानवें दशमलव एक चार प्रतिशत और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर में सौ प्रतिशत और सरकारी माध्यमिक विद्यालय में छियासी दशमलव प्रतिषत छात्रों ने सफलता हासिल की।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल तीनों ज़िलों के लिए ज़िला अभिलेख सर्वेक्षण समिति के नाम से उप–समितियों सहित क्षेत्रीय अभिलेख सर्वेक्षण समिति का पुनर्गठन किया। इन उप समितियों की अध्यक्षता संबंधित क्षेत्र के जिला उपायुक्त करेंगे। यह उप समिति का कार्य द्वीपसमूह के इतिहास से संबंधित अभिलेखों, दस्तावेजों, तस्वीरों और पांडुलिपियों का सर्वेक्षण और सूचीकरण करना है।

सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में अभिलेखागार सचिव स्मिता आर. की अध्यक्षता में क्षेत्रीय अभिलेख सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में तीन उप–समितियों तथा भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार नई दिल्ली के दो प्रतिनिधियों सहित सभी सदस्यों ने भाग लिया। सचिव ने इस संबंध में निजी संस्थानों एवं आम जनता से अनुरोध किया है कि जिनके पास ऐसी जानकारी उपलब्ध है, वे व्यक्तिगत रूप से या संबंधित जिले के उपायुक्तों से संपर्क करें।

<><><><><><><>

ऑपरेशन सिंदूर पर कल से ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया गया है। मुख्य रूप से तिरंगा यात्रा के नाम का यह अभियान पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता को लोगों तक पंहुचायेगा। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन तथा भाजपा के प्रमुख नेता शामिल होंगे। यह अभियान 23 मई तक चलेगा। इसमें बताया जाएगा कि कैसे भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में आतंकी शिविरों का सफाया किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान आईसीडीएस–शहरी परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर भर्ती की जाएगी। इस पद के लिए 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकती हैं। उम्मीदवार का बारहवीं पास होना अनिवार्य है और वे उसी गांव की निवासी हों जहां आंगनवाड़ी केंद्र संचालित है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए बारह हजार रूपये और आंगनवाड़ी सहायिका पद के लिए आठ हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा। उम्मीदवार अनिवार्य दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रतियों के साथ सादे कागज पर अपना बायोडाटा 16 जून दोपहर तीन बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी, आईसीडीएस, शहरी परियोजना, डॉलीगंज, दक्षिण अंडमान के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण–ट्राई ने डिजिटल कनेक्टिविटी विनियमन 2024 के लिए संपत्तियों की रेटिंग के अंतर्गत डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग के आकलन के लिए मसौदा जारी किया है। संचार मंत्रालय ने कहा है कि रेटिंग मैनुअल डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसियों द्वारा संपत्तियों की रेटिंग के लिए एक समान मूल्यांकन पद्धति को अपनाने में सक्षम बनाएगा।

यह संपत्ति प्रबंधकों को उनकी संपत्तियों में डिजिटल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए एक मानक संदर्भ भी प्रदान करेगा। इसके अलावा मसौदा रेटिंग मैनुअल विभिन्न श्रेणियों में संपत्तियों और क्षेत्रों की डिजिटल कनेक्टिविटी का आकलन करने के लिए एक पद्धति प्रदान करता है।

<><><><><><><>

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रशासन द्वारा योग को जन–जन तक पहुंचाने की पहल की जा रही है। इस सिलसिले में आयुष विभाग सहकारी विभागों के सहयोग से इक्कीस जून को सामूहिक योग सत्र आयोजित करेगा। इस मौके पर आयुष मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए योगा प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन कल से इक्कतीस मई तक जंगलीघाट के आयुष अस्पताल में आयोजित होगा। प्रशिक्षण सत्र सुबह दस बजे से ग्यारह बजे तक आयोजित होगा। सभी विभागों से अनुरोध किया गया है कि वे कम से कम दो कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए नामित करें। प्रशिक्षण के दिन ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

<><><><><><><>

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रशासन द्वारा योग को जन–जन तक पहुंचाने की पहल की जा रही है। इस सिलसिले में आयुष विभाग सहकारी विभागों के सहयोग से इक्कीस जून को सामूहिक योग सत्र आयोजित करेगा। इस मौके पर आयुष मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए योगा प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन कल से इक्कतीस मई तक जंगलीघाट के आयुष अस्पताल में आयोजित होगा। प्रशिक्षण सत्र सुबह दस बजे से ग्यारह बजे तक आयोजित होगा। सभी विभागों से अनुरोध किया गया है कि वे कम से कम दो कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए नामित करें। प्रशिक्षण के दिन ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

<><><><><><><>

सरकार ने प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाने की तिथि निर्धारित की है। आयुष मंत्री ने एक बयान में कहा कि राजपत्र अधिसूचना द्वारा इसे अधिसूचित कर दिया गया है। पहले धनतेरस पर आयुर्वेद दिवस मनाया जाता था। पर आने वाले दशक में, धनतेरस की तारीख 15 अक्टूबर और 12 नवंबर के बीच पड़ती रहेगी, जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में दिक्कतें आएंगी। आयुष मंत्रालय ने कहा कि आयुर्वेद को वैज्ञानिक, साक्ष्य–आधारित और समग्र चिकित्सा पद्धति के रूप में बढ़ावा देने के लिए हर साल आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है। आयुर्वेद निवारक स्वास्थ्य सेवा और आरोग्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आयुष मंत्रालय ने लोगों, स्वास्थ्य कर्मियों, शैक्षणिक निकायों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों से नई निर्धारित तिथि अनुसार प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को सक्रियता से आयुर्वेद दिवस समारोह में भाग लेने का आह्वान किया।।

<><><><><><><>

एथलेटिक्स एसोसिएशन अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की ओर से श्री विजयपुरम में ओपन स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जाएगा। चौबीस और पच्चीस मई को आयोजित होने वाले चैम्पियनशिप में एथलीट, संस्थान और जिला तथा ब्लॉक की टीमें इसमें भाग ले सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ियों से नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक एसोसिएशन कार्यालय में अपना नाम दर्ज कराने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए 9933248121 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

एम वी कैम्पबेल आज श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य दोपहर दो बजे से तीन बजे तक किया जाएगा। जहाज आज शाम चार बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलम उन्नीस मई को शाम चार बजे हैड्डो जेट्टी से लिटिल अंडमान, कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और नानकोरी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा और संबंधित बंदरगाहों में माल उतारने—चढ़ाने के तुरंत बाद यह जहाज श्री विजयपुरम के लिए रवाना होगा। माल की बुकिंग आज सुबह नौ से दोपरह बारह बजे के बीच होगी।

<><><><><><><>